"संदेश"

प्रिय सदस्यगण,

सर्वप्रथम नव निर्वाचित कार्य कारिणी की ओर से आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐें। वर्ष 2015 आपको व आपके परिवारजनों के लिए नई उर्जा एवं स्वस्थ,सुखी व आनंदित जीवन का संदेश लेकर आऐ, ऐसी हमारी कामना है।

भारतीय जीवन बीमा निगम व ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के सदस्यों के मेल से बनी यह साख समिति निरंतर प्रगति कर रही है व सदस्यों पर अपना विश्वास बनाए हुए है। वर्तमान निर्वाचन सर्वसम्मति से होना सदस्यों के विश्वास को प्रदर्शित करता है। हम समस्त माननीय सदस्यगणों का इस हेतु आभार व्यक्त करते है। "सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति व साख समिति की सुदृढता ही नव निर्वाचित कार्यकारिणी का मूल मंत्र है, जिस हेतु हम सदैव तत्पर रहे है, और रहेंगे "

नवगठित कार्यकारिणी पूर्व अनुभव एवं नवीन उर्जा के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए तैयार है। नवीन कार्यकारिणी पूर्व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का हृदय से आभार प्रदर्शन करती है। उनके द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी साख समिति का संचालन दक्षता के साथ किया गया। सदस्यों की जमा पूंजी की सुरक्षा एवं नियत समय पर लाभ के साथ वापिसी साख समिति का उद्देश्य है। वर्ष 2000 से पूर्व साख समिति की राशि विभिन्न मदों हेतु निवेश की गई थी। नियत समय में उसकी वापसी एवं उसके लाभ सम्माननीय सदस्यों तक पहुँचाना नवीन कार्यकारिणी का लक्ष्य होगा। साथ ही नवीन सदस्यता में वृद्धि के कार्य को भी आप सभी के सहयोग व विश्वास के साथ आगे बढाना होगा जिससे दोनों ही बीमा कंपनियों के अधिकारी/कर्मचारी साख समिति की प्रगति में अपनी भूमिका अदा कर सकें, जिससे वे समय-समय पर सहकारिता से मिलने वाले लाभों एवं उद्देश्यों से वंचित न रहे। सदस्यों का साख समिति के प्रति विश्वास एवं कार्य प्रणाली में पारदर्शिता रखना समिति का प्रथम दायित्व होगा।

नवीन कार्यकारिणी 2 जनवरी 2015 को कार्यभार ग्रहण कर चुकी है। पदाधिकारियों की सूची संलग्न की जा रही है। सदस्यों के देय लाभ शासन के आदेशों के कारण लंबित रहे हैं। नवगठित समिति इन सभी देय लाभों पर शीघ्र निर्णय लेकर आपको सूचित करेगी।

पुनः नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



अध्यक्ष

03 जनवरी 2014

"संदेश"

प्रिय सदस्यगण,

सर्वप्रथम नव निर्वाचित कार्य कारिणी की ओर से आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐें। वर्ष 2015 आपको व आपके परिवारजनों के लिए नई उर्जा एवं स्वस्थ,सुखी व आनंदित जीवन का संदेश लेकर आऐ, ऐसी हमारी कामना है।

भारतीय जीवन बीमा निगम व ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के सदस्यों के मेल से बनी यह साख समिति निरंतर प्रगति कर रही है व सदस्यों पर अपना विश्वास बनाए हुए है। वर्तमान निर्वाचन सर्वसम्मति से होना सदस्यों के विश्वास को प्रदर्शित करता है। हम समस्त माननीय सदस्यगणों का इस हेतु आभार व्यक्त करते है। "सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति व साख समिति की सुदृढ़ता ही नव निर्वाचित कार्यकारिणी का मूल मंत्र है, जिस हेतु हम सदैव तत्पर रहे है, और रहेंगे "

नवगठित कार्यकारिणी पूर्व अनुभव एवं नवीन उर्जा के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए तैयार है। नवीन कार्यकारिणी पूर्व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का हृदय से आभार प्रदर्शन करती है। उनके द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी साख समिति का संचालन दक्षता के साथ किया गया। सदस्यों की जमा पूंजी की सुरक्षा एवं नियत समय पर लाभ के साथ वापिसी साख समिति का उद्देश्य है। वर्ष 2000 से पूर्व साख समिति की राशि विभिन्न मदों हेतु निवेश की गई थी। नियत समय में उसकी वापसी एवं उसके लाभ सम्माननीय सदस्यों तक पहुँचाना नवीन कार्यकारिणी का लक्ष्य होगा। साथ ही नवीन सदस्यता में वृद्वि के कार्य को भी आप सभी के सहयोग व विश्वास के साथ आगे बढाना होगा जिससे दोनों ही बीमा कंपनियों के अधिकारी/कर्मचारी साख समिति की प्रगति में अपनी भूमिका अदा कर सकें, जिससे वे समय-समय पर सहकारिता से मिलने वाले लाभों एवं उद्देश्यों से वंचित न रहे। सदस्यों का साख समिति के प्रति विश्वास एवं कार्य प्रणाली में पारदर्शिता रखना समिति का प्रथम दायित्व होगा।

नवीन कार्यकारिणी 2 जनवरी 2015 को कार्यभार ग्रहण कर चुकी है। पदाधिकारियों की सूची संलग्न की जा रही है। सदस्यों के देय लाभ शासन के आदेशों के कारण लंबित रहे हैं। नवगठित समिति इन सभी देय लाभों पर शीघ्र निर्णय लेकर आपको सूचित करेगी।

पुनः नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

अध्यक्ष

03 जनवरी 2014